हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

12 पुलिस स्मृति दिवस पर विद्यालय के पूर्व छात्र शहीद ...



10 अर्ली वैरायटी के धान की फसल तैयार, बेचने के ...





## खबर संक्षेप

### 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**डौंडीलोहारा।** पुलिस ने अवैध हाथ भट्टा निर्मित कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पोपलाटोला के आनंद कुमेटी के घर बाड़ी झोपड़ी में ग्राम सोरली (गोटाटोला) के रहने वाले उसके दामाद परमेश्वर दुग्गा हाथ भट्टा निर्मित कच्ची महुआ शराब रखकर बेच रहा है। सूचना पर छापामार कर आरोपी परमेश्वर के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 6000 रूपए आंकी गई है। साथ ही नकदी सहित 6800 रूपए को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी वीणा यादव, सहायक उप निरीक्षक अनित यादव, प्रधान आरक्षक यज्ञदत्त ठाकुर, आरक्षक पूनम खरे, त्रवेश कुमार सिन्हा, टेमन लाल राणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### कांग्रेस के छत्तीसगढ़ सहप्रभारी सम्पत का बालोद दौरा आज

**बालोद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सहप्रभारी एसए सम्पत 22 अक्टूबर को बालोद के दौरे पर रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री धीरज उपाध्याय ने बताय श्री संपत 11 बजे राजीव भवन में आयोजित बैठक को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में बालोद जिले के तीनों विधायकों सहित समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

### नामावली पुनरीक्षण के लिए प्रेक्षक नियुक्त किए गए अपर कलेक्टर पाटले

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नया रायपुर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले को जिला बालोद के त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की नामावली पुनरीक्षण के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। पाटले मंगलवार 22 अक्टूबर को जिले के विभिन्न स्थानों में पहुँचकर ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत के सदस्य के लिए निर्वाचन संपन्न कराए जाने के लिए निर्वाचन नामावली तैयार पुनरीक्षित कराए जाने की तैयारी की जायजा लेंगे। निर्वाचन नामावली गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटि रहित तैयार की जाए, इसके संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे। आयोग द्वारा जारी तय कार्यक्रम के अनुरूप उक्त कार्यक्रम संपादित किया जा सके। उक्त संबंध में पाटले से उनके मोबाइल नंबर 8889897747 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## श्रद्धांजलि : सेना के जवानों एवं अधिकारियों ने रिट सेरेमनी के माध्यम से सैनिक सम्मान के साथ दी सलामी

# शहीद लांस हवलदार उमेश के अंतिम दर्शन को उमड़ा जनसैलाब, नम आंखों से दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भारतीय थल सेना के 19 महार रेजिमेंट में लांस हवलदार उमेश साहू लेह लद्दाख में भारत देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। ड्यूटी पर तैनाती के दौरान ऑक्सीजन की कमी होने के कारण उनकी मौत हो गई थी। शहीद के पार्थिव शरीर को सेना के विशेष विमान से रायपुर लाया गया, जिसके बाद सेना के विशेष वाहन से दुर्ग लाया गया। उसके बाद पं रविशंकर स्टेडियम से सुराना कॉलेज के एनसीसी यूनिट, शौर्य युवा संगठन कोड़िया एवं ग्रामीण युवाओं ने भारी संख्या में बाइक से अगुवाई करते हुए 10 किमी की शहादत यात्रा बोरसी, हनोदा होते हुए गांव के सभी मोहल्ले से निकलकर निज निवास पहुंची। परिजनों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अंतिम दर्शन किए जाने के बाद राजकीय सम्मान एवं धार्मिक रीतिरिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

सेना के जवानों एवं अधिकारियों ने रिट सेरेमनी के माध्यम से शहीद उमेश साहू को सैनिक सम्मान देकर सलामी दी। साथ ही पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेंद्र शुक्ला, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, सहायक कलेक्टर एम भार्गव, सैनिक कल्याण बोर्ड के कैप्टन प्रवीण धोबाले, छग आर्मी फाउंडेशन के पदाधिकारी, दुर्ग जनपद अध्यक्ष देवेंद्र यादव, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर ▶▶| शेष पेज 10 पर







### सेना में जाने वाला पहला युवक



शौर्य युवा संगठन के सचिव आदित्य भारद्वाज ने बताया कि शहीद उमेश साहू आर्मी में जाने वाला गांव का पहला युवा था और देश की रक्षा में प्राणों का बलिदान करने वाला गांव का पहला शहीद भी है। इसीलिए पूरे गांव में दो दिनों से शोक की लहर थी। उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए गांव का एक भी व्यक्ति बाहर काम पर नहीं गया था। पूरे गाँव के साथ आसपास के गांव से हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें श्रध्दांजलि दी। गायत्री परिवार द्वारा पौधारोपण भी किया गया।

### विद्यालय का नामकरण शहीद उमेश के नाम पर करने की मांग

शौर्य युवा संगठन अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने स्थानीय विधायक एवं उपस्थित जिला प्रशासन के माध्यम संगठन एवं ग्रामीणों की ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने शहीद उमेश साहू की पत्नी योगेश्वरी साहू को अतिशीघ्र अनुकम्पा नियुक्ति, दोनों बच्चों को केंद्रीय विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश एवं ग्राम में निर्माणाधीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम शहीद उमेश साहू के नाम पर करने की मांग की है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शहीद उमेश साहू का सिर्फ परिवार ही नहीं पूरे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। विधायक ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की ओर से यथासंभव सहयोग करेंगे एवं ग्रामीणों के प्रतिवेदन को प्रमुखता से लेते हुए जल्द ही पूरा करने का आश्वासन भी दिया। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने घटना को दुखद बताया। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि शहीद उमेश साहू के अंतिम दर्शन के उमड़ी भीड़ इस बात का द्योतक है कि उमेश साहू का यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, ये हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे दस्तावेज लेखक व स्टॉम्प विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दस्तावेज लेखक और स्टॉम्प विक्रेताओं द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है। हड़ताल के कारण जमीन की खरीदी-बिक्री करने के बाद रजिस्ट्री कराने में आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आंदोलनकारियों ने बताया कि प्रदेश भर के पंजीयन कार्यालय में वर्षों से अवैतनिक सेवा देने वाले

■ शासन से मांगी आजीविका की सुरक्षा की गारंटी

दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विकेता द्वारा अपनी 8 सूत्रीय मांगों के लिए शासन का ध्यान आकृष्ट करने कई बार अपना मांग पत्र सौपा गया है, लेकिन उक्त मांगों पर कभी भी विचार नहीं किया गया, जिसके कारण दस्तोवज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं ने बीते कुछ महीनों से एक दिवसीय कलमबंद हड़ताल करने के बाद एक सप्ताह काली पट्टी लगाकर विरोध स्वरूप कार्य किया। ▶▶| शेष पेज 10 पर



### गुरूर में दस्तावेज लेखकों व स्टॉम्प विक्रेताओं ने शुरू की हड़ताल



**गुरूर।** तहसील कार्यालय में कार्यरत दस्तावेज लेखकों एवं स्टॉम्प विक्रेताओं ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। दस्तावेज लेखक संघ अध्यक्ष कौशल कुमार रणबांकुर ने बताया कि यह हड़ताल राज्यव्यापी है। पूरे प्रदेश में तहसील कार्यालय के समक्ष दस्तावेज लेखक हड़ताल कर रहे हैं। संघ के सदस्य झम्मन हिरवानी कमलेश साहू, एसआर जाधव, द्रोणाचार्य ने बताया कि संघ अपनी 8 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल कर रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा जनसुविधा व डिजिटलीकरण के नाम पर जो कार्य किया जा रहा है, उससे दस्तावेज लेखक बेरोजगार हो जाएंगे। सरकार हमारी समस्याओं पर ध्यान दे एवं रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए व्यवस्था करें।

## खलारी के ग्रामीणों ने दिया धरना

# कोटवार को हटाने की मांग लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत खलारी के सैकड़ों ग्रामीणों, वार्ड पंच एवं सरपंच सोमवार को ट्रैक्टर पर सवार होकर गुण्डरदेही एसडीएम कार्यालय पहुंचे। वहां कोटवार को हटाने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि वर्तमान महिला कोटवार भानबाई देवदास की 80 वर्ष है। वह उम्र दराज होने के कारण कोटवारी कार्य करने में असमर्थ है। इसलिए कोटवारी का काम भानबाई के पुत्र खिलेश्वर देवदास करते हैं, जिससे ग्रामीण नाराज हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खिलेश्वर देवदास आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है और पूर्व में इनके खिलाफ विभिन्न थानों में शांति भंग, जुआ आदि मामलों में अपराध पंजीकृत है। गांव का कोटवारी कार्य अवैधानिक रुप से खिलेश्वर देवदास ही करता है, ग्रामीण जब गांव में ग्रामीण संबंधी मुनियादी के लिए खिलेश्वर देवदास को कहता है, तो मैं तुम्हारा नौकर नहीं हूं, मैं शासन का नौकर हूं, तुम लोगों का नौकर नहीं हूं। ग्रामीणों ने बताया कि खिलेश्वर देवदास दादागिरी व पद का दुरुपयोग कर अपनी बहन रेखा सागर जो दूसरे गांव में रहती हैं, को सरपंच, सचिव से मिलकर आबादी प्लाट दिलाया। इससे गांव में अशांति व विवाद की स्थिति है। ग्रामीणों ने एसडीएम को वर्तमान कोटवार भानबाई देवदास को सेवानिवृत्त





कर पद से हटाने की मांग की। ग्रामीणो ने एसडीएम से गांव में शिक्षित महिला या पुरुष को कोटवार पद पर नियुक्त करने की मांग की है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने दूसरे गांवों के लोगों को खलारी में आबादी जमीन देने का भी विरोध किया। वहीं, सरपंच हितेश साहू ने कहा कि उक्त दोनों व्यक्ति का पंचायत प्रस्ताव व ग्राम सभा के एजेंडा के अनुसार प्रस्ताव करके शासन के आदेश अनुसार पीएम आवास स्वीकृत भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि उपलब्ध कराई गई थी।

### जांच के बाद करेंगे कार्रवाई : एसडीएम

एसडीएम सुरेश साहू ने कहा कि आबादी में जो आवास निर्माण कार्य हो रहा है, उस पर अभी रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं। पट्टा निरस्त कर आगे जांचकर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, कोटवार वाले मामले में कहा कि यह एक प्रशासनिक प्रक्रिया है। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कर आगे की कार्रवाई करेंगे। नवीन कोटवार की भर्ती की प्रक्रिया पूरी करने के लिए तहसीलदार को आदेशित किया गया है।

## कलंगपुर बस स्टैंड स्थित बाजार में 40 वर्षों से व्यवसाय कर रहे दुकानदारों पर संकट

# त्योहार से ठीक पहले दुकानदारों पर गाज, दो दिन में अतिक्रमण हटाने नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

स्थानीय कलंगपुर बस स्टैंड स्थित बाजार स्थल पर पिछले 40 वर्षों से छोटे छोटे दुकान बनाकर अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन चला रहे 8 दुकानदारों पर भरे दीपावली त्यौहार पर बेरोजगारी की गाज गिरने वाली है। ग्राम पंचायत द्वारा इन दुकानदारों के विरुद्ध अतिक्रमण कर दुकान संचालित करने की शिकायत करते हुए तहसील गुण्डरदेही में आवेदन सौंपा गया था। वहीं, आवेदन पर संज्ञान लेते हुए गुण्डरदेही तहसीलदार ने उक्त दुकानदारों को वहां से अतिक्रमण व दुकान हटाने के लिए 21 अक्टूबर को दिया है।

नोटिस में एक दिन के बाद अर्थात 23 अक्टूबर को सुबह 11 बजे दुकानों का अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। तहसीलदार के इस तरह के अचानक निर्णय व नोटिस से दुकानदारों के समक्ष समस्या उत्पन्न हो गई है। एक सप्ताह बाद दीपावली है, इसलिए सभी दुकानदारों ने दीपावली त्योहार के लिए दुकानों में सामान का स्टाक भर लिया है। ऐसे में दुकानों का सामान अन्य जगह कहां हटा पायेंगे। साथ ही इन दुकानदारों के समक्ष भरी दीपावली में बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो जायेगी।



### दुकानदारों ने लगाया पक्षपात का आरोप

यहां दुकान संचालित कर रहे अगेश्वर सिन्हा, पेन्सू राम साहू, मेघनाथ सेन, परमानंद सिन्हा, विजय कुमार सिन्हा, धर्मेंद्र सिन्हा, मन्नू लाल सिन्हा ने कहा कि हमारी दुकानों के अलावा बस स्टैंड पर और बहुत सी दुकानें हैं, जो शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई गई हैं। उन पर पंचायत की नजर नहीं है। केवल हम छोटे-छोटे दुकानदारों को ही पंचायत द्वारा आये दिन प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज से 10 से 15 वर्ष पहले भी हम दुकानदारों को पंचायत द्वारा तहसील गुण्डरदेही न्यायालय में पेशी कर बहुत चक्कर कटवाया गया था और आज भी हम छोटे दुकानदारों को हीअ पंचायत द्वारा परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरपंच पुष्पा गोविंद सिन्हा द्वारा मुख्य गली में अतिक्रमण कर मकान निर्माण कर रहे थे, जिसे ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील न्यायालय गुण्डरदेही द्वारा उनके मकान निर्माण पर स्टे लगाया गया है। साथ ही उन लोगों का कहना है कि सरपंच पुष्पा गोविंद सिन्हा ने अपने कार्यकाल में अवैध कब्जा व अतिक्रमण को बढ़ावा दिया। आज अतिक्रमण के कारण कलंगपुर की अधिकांश गलियां संकरी हो गई हैं।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**बालोद।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की जून 2024 तिमाही की बैठक कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में 22 अक्टूबर को रखी गई है। शाम 04 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सर्व संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा बैंकर्स को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# पड़ोसी राज्य के बाघों को भाने लगे छग के जंगल, पेंच की बाघिन अचानकमार में घूम रही

## बार नवापारा के बाद पेंच टाइगर रिजर्व की बाघिन की एटीआर में होने की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर


पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र में बाघों की संख्या में साल दर साल वृद्धि हो रही है। इसका फायदा छत्तीसगढ़ के टाइगर रिजर्व को भी मिलने लगा है। राज्य के गुरु घासीदास नेशनल पार्क में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश स्थित संजय दुबारी नेशनल पार्क के बाघों की आवाजाही होती रहती है। इसी तरह से मध्यप्रदेश स्थित सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व की एक बाघिन चार सौ किलोमीटर की यात्रा कर अचानकमार टाइगर रिजर्व में पिछले एक वर्ष से विचरण कर रही है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश के मुताबिक, एटीआर में प्रे-बेस की व्यवस्था सुधरने की वजह से पड़ोसी राज्य के बाघ आकर्षित हो रहे हैं। एटीआर से लेकर कान्हा किसली तक टाइगर की आवाजाही का कॉरिडोर रहा है। अफसर ने पेंच की बाघिन के इसी कॉरिडोर से एटीआर आने की संभावना व्यक्त की है। पेंच की बाघिन एटीआर में होने की पुष्टि होने पर वन्यजीव प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। साथ ही अफसरों से टाइगर की आवाजाही के कॉरिडोर को व्यवस्थित करने की मांग की है।

**ऐसे हुई पुष्टि :** अचानकमार में पेंच के बाघ के पुष्टि वर्ष 2022 में भेजी गई बाघों की गणना रिपोर्ट तथा ट्रैप कैमरे से मिली फोटो में बाघों की धारियों के मिलान के दौरान हुई है। जो बाघिन एटीआर में विचरण कर रही है, वह पेंच से 2022 से नदारद है। अफसरों के अनुसार, उक्त बाघिन सालभर पूर्व ही एटीआर पहुंची थी।

### केयरिंग कैपेसिटी का मिल रहा लाभ

जानकारों के मुताबिक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या केयरिंग कैपेसिटी से ज्यादा हो गई है। इसके चलते बाघों में द्वंद्व की स्थिति निर्मित होती है। इसके चलते बाघ नई टेरेटरी की तलाश में किसी दूसरे जंगल की ओर पलायन कर जाते हैं। इसी वजह से बाघ गुरु घासीदास नेशनल पार्क तथा एटीआर में पहुंच रहे हैं।



### बाघों की संख्या बढ़ाने इस ओर ध्यान देने की जरूरत

राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाना वन विभाग के मैदानी अमले को शिकार रोकने के साथ जाल बिछाकर, जो शिकार करते हैं उसे रोकने एंटी स्क्वेयर वॉकिंग टीम को मजबूत करना होगा। साथ ही बाघों के शिकार के लिए प्रे-बेस बढ़ाने ग्रासलैंड विकसित करने की जरूरत है। राज्य के ज्यादातर वनक्षेत्रों में पालतू मवेशी पहुंचकर ग्रासलैंड को सफाचट कर रहे हैं, उन पर सख्ती से रोक लगाने की जरूरत है।

### रास्तों को लेकर अलग-अलग राय

पेंच पार्क प्रबंधन का मानना है कि बाघिन ने पेंच, कान्हा कॉरिडोर का उपयोग किया होगा और अचानकमार पहुंची होगी। वहीं एटीआर प्रबंधन का मानना है कि बाघिन ने जबलपुर जिले के जंगल से होते हुए करजिया, बिछिया के रास्ते अचानकमार के जंगल में प्रवेश किया है। एटीआर प्रबंधन के तर्क की वजह यह है कि यह बाघिन कान्हा टाइगर रिजर्व में किसी भी कैमरे में ट्रैप नहीं हुई है। कई विशेषज्ञ इसके कान्हा या पेंच से महाराष्ट्र के जंगल से होते हुए अचानकमार पहुंचने की संभावना जता रहे हैं।

ककककक

## इंटरनेशनल डांस स्पर्धा में समृद्धि प्रथम



**रायपुर।** ऑल इंडिया डांस एसोसिएशन की ओर से रंग मंदिर में 12 से 21 अक्टूबर तक इंटरनेशनल डांस प्रतियोगिता और नटवर गोपीकृष्ण अवार्ड-2024 का आयोजन किया गया है, जिसमें समृद्धि यादव ने भरतनाट्यम नृत्य के सब जूनियर केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया और उनके नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समृद्धि कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा में चौथी की छात्रा हैं। नृत्य के साथ तीरंदाजी और पढ़ाई में भी विशेष योग्यता रखती हैं। समृद्धि अपनी सफलता का श्रेय अपने नाना पीआर अहीर के प्रोत्साहन को देती हैं। वे डॉ. संजीव कुमार यादव और डॉ. डाली अहीर के पुत्री हैं।

## घायल से मिलने अमित जोगी पहुंचे हॉस्पिटल



**रायपुर।** बलरामपुर जिले में जोगी कांग्रेस के नेता सुखु यादव के भाई वासुदेव यादव पर अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश युवकों ने फायरिंग करने की घटना में घायल वासुदेव राजधानी रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल में भर्ती है, जिनसे मिलने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अमित जोगी पहुंचे और घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, छत्तीसगढ़ को देश में शांति का टापू कहा जा जाता था, पर भाजपा के राज में आपराधिक घटनाओं के मामले में छत्तीसगढ़ खतरनाक स्थिति में खड़ा हो चुका है, छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में आपराधिक घटनाएं आम बात हो गई हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की स्थिति चिंताजनक है, आम जनता असुरक्षित है, दिनदहाड़े गोली चलना आम बात हो गई है, जिससे स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है।

# अर्ली वैरायटी के धान की फसल तैयार, बेचने के लिए किसानों को करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदी की तैयारी मार्कफेड ने शुरू कर दी है। 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक इस साल 160 लाख टन धान खरीदी किए जाने का अनुमान है। धान की फसल की खरीदी इस बार 14 दिन देर से हो रही है। राज्य में अर्ली वैरायटीज के धान की फसल तैयार हो गई है। कई जिलों में फसल कटाई शुरू भी हो गई है। किसानों को एक माह धान खेतों में ही रखना होगा। ऐसे में सुरक्षा और अन्य कारणों से किसानों पर अतिरिक्त भार आएगा।

- 14 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी

छत्तीसगढ़ में हर साल 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होती है। दीपावली के चलते राज्य सरकार ने खरीदी की तारीख आगे बढ़ा दी है।2085 समितियों के माध्यम से धान खरीदी के लिए समिति स्तर पर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदने सभी खरीदी केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों का इस्तेमाल किया जाएगा। धान खरीदी के लिए पिछले साल की तरह बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू रहेगी। इसके लिए किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के जरिए किया जा रहा है। पिछले साल जिन किसानों ने धान बेचा था, उनके अलावा नए किसान भी जुड़ेंगे। कई किसानों के रकबा और रिकार्ड परिवर्तन में भी संशोधन किए जा रहे हैं।



### डाटा एंट्री ऑपरेटर हड़ताल पर

धान खरीदी समितियों के माध्यम से होती है। वहां पदस्थ डाटा एंट्री ऑपरेटर अपने वेतन और अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। समितियों में कंप्यूटर से संबंधित कार्य ठप पड़े हैं। उनकी हड़ताल के कारण पिछले कई दिनों से समितियों का कार्य नहीं हो पा रहे हैं। धान खरीदी शुरू होने से पूर्व उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो दिक्कत हो सकती है। अधिकारी डाटा एंट्री ऑपरेटरों से चर्चा कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला है।

### 4.02 लाख गठान बारदाना खरीदी

धान खरीदी के लिए कुल 8 लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी। मार्कफेड द्वारा इसके लिए 4.02 लाख गठान नए बारदाने जूट कमिश्नर के जरिए खरीदी किए जाएंगे। इसके लिए पूरी तैयारी की गई है। समितियों में धान की सुरक्षा और अन्य उपायों को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं खरीदी के साथ धान के उठाव और रखरखाव के संबंध में पूरी जानकारी समितियों को देनी होगी। मार्कफेड समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने 37 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लेने की तैयारी कर रहा है। मार्कफेड ने अलग अलग बैंकों से निविदा जारी कर प्रस्ताव मंगाए हैं।

### टोकन सिस्टम से होगी खरीदी

धान खरीदी को लेकर मार्कफेड ने समितियों में खरीदी की लिमिट तय की है। उसके तहत ही छोटे और सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन और बड़े किसानों को तीन टोकन दिए जाएंगे। किसानों का धान खरीदी से पहले पंजीकृत किसानों की एंट्री का मिलान किया जाएगा, जिसमें रकबा और बी-1 अनुसार खरीदी की मात्रा तय होगी। धान खरीदी की प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के पूरी करने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## देशभर में चलाएंगे 'एक दीया श्रीराम के नाम' अभियान




**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक दिल्ली में हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के चेयरमैन संजय रहेजा, कोषाध्यक्ष विक्की लोहाना, मनीष तलरेजा का सम्मान किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान से भी शामिल हुए। इसी दौरान प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने एक प्रस्ताव रखा कि दिवाली के पूर्व एक सप्ताह पूर्व सिंधी काउंसिल द्वारा एक अभियान चलाया जाए, एक दीया श्रीराम के नाम। इस अभियान को सभी राज्य इकाई ने सराहा, साथ ही सभी राज्य इकाई अपने-अपने प्रदेश में इस अभियान को चलाएगी और निशुल्क दीए वितरण भी करेगी, ऐसा निर्णय लिया गया। सिंधी काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लडानी ने कहा कि सभी प्रदेशों की सिंधी काउंसिल के सदस्य एक दीया श्रीराम के नाम अभियान को आम जनता तक ले जाए। आज मुझे खुशी है कि पूरे देश की मिसाल छत्तीसगढ़ बना है। छत्तीसगढ़ इकाई ने श्रीराम के नाम से घर-घर दीया वितरण की योजना बनाई है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। बैठक में सिंधी काउंसिल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश केशवानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लडानी, राष्ट्रीय महामंत्री चंदर लालचंदानी, गुलाब लडानी, प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, दिल्ली अध्यक्ष अशोक लालवानीश, युवा विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र मनवानी, महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशनी तोलानी, छत्तीसगढ़ से संजय रहेजा, विक्की लोहाना, मनीष तलरेजा उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### शहीद लांस हवलदार उमेश ...

जनपद कृषि सभापति राकेश हिरवानी, केशव बंटी हरमुख, उतई थाना प्रभारी, गायत्री परिवार भिलाई उपजोन से धीरज लाल टांक, एसपी सिंह, स्कूल स्टॉफ, नेहरू युवा केन्द्र से सम्बद्ध विभिन्न गांवों के युवा मंडल, साहू समाज सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी एवं ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रध्दांजलि अर्पित की।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल ...

वहीं 18, 19 और 20 सितम्बर को तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया और ज्ञापन सौंपा गया था। जिस पर शासन द्वारा संघ के प्रतिनिधी मंडल के साथ बैठक कर समस्यों को 15 दिवस के अन्दर पूरा किये जाने का आश्वासन दिया गया, परन्तु एक माह बीत जाने पर भी संघ को अवगत नहीं कराया। इस बीच एक नई योजना (सुगम एप) को लागू कर दिया गया है, जो जिसके नाम पर पारदर्शिता के साथ आम व्यक्ति द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री करा सकने का प्रचार किया जा रहा है। यह एक प्रकार से दस्तावेज लेखकों और स्टाप्म विक्रेताओं को बेरोजगार करने का उपक्रम प्रतीत हो रहा है। इसलिए अब हम शासन से अपनी आजीविका की सुरक्षा की गारंटी के साथ पूर्व में दिये गये ज्ञापन दर्शित विभिन्न मांग के साथ समस्त दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेताओं को पंजीयन विभाग में समायोजित करने की मांग करते हुए 21 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है।

## प्रदेश चुनाव समिति की बैठक बना प्रत्याशियों का पैनल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशी चयन पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने चुनाव लड़ने के इच्छुक सभी नामों पर विचार करने के बाद पैनल एआईसीसी को भेजने का निर्णय लिया है। नमें प्रमोद दुबे, आकाश शर्मा के नाम का पैनल बनाया गया है। बताया गया है कि प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने एआईसीसी की बैठक को देखते हुए प्रदेश चुनाव समिति को जल्द पैनल भेजने के निर्देश दिए थे। प्रदेश चुनाव समिति की बैठक अचानक बुलाई गई। नेताओं ने उन सभी नामों पर विचार किया। उनका बायोडाटा और अन्य जानकारी आलाकमान को भेज दी है।

बताया गया है कि नामों की घोषणा एक-दो दिन में कर दी जाएगी। नामांकन के लिए चार दिन का समय शेष है, ऐसे में मंगलवार तक इस पर निर्णय लिए जाने की संभावना है। **ये रहे मौजूद :** प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, गुरु रूद्रकुमार, जयसिंह अग्रवाल, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं समक्ष अधिकारी गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202410241400014 अ-2
वर्ष 2024-25

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलकमल साहू आ. पूनूराम निवासी ग्राम कोलिहामार तहसील गुरूर जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम/नगर लिमोरा तहसील गुण्डरदेही स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 300/3 रकबा 0.056 हेक्टे. कुल रकबा 0.056 भूमि को गैर कृषि प्रयोजन व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह पेशी तारीख 29.10.2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं समक्ष अधिकारी गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202410241400013 अ-2
वर्ष 2024-25

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कन्हैया लाल साहू आ. टीकमचंद निवासी ग्राम मोहलई तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम/नगर लिमोरा तहसील गुण्डरदेही स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 300/13 रकबा 0.036 हेक्टे. कुल रकबा 0.036 भूमि को गैर कृषि प्रयोजन व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह पेशी तारीख 29.10.2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.)**

## बारूदी सुरंग के विस्फोट में शहीद हुए आईटीबीपी के जवानों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नारायणपुर में शनिवार को बारूदी सुरंग विस्फोट में महाराष्ट्र तथा आंध्रप्रदेश के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने राजस्व मंत्री माना स्थित चौथी बटालियन पहुंचे। इसके बाद मंत्री तथा रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा घायल जवानों का हाल जानने देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा अस्पताल पहुंचे। गौरतलब है कि नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा बिछाई गई एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से आईटीबीपी के जवान महाराष्ट्र सतारा निवासी अमर पंवार तथा आंध्रप्रदेश कडप्पा निवासी के. राजेश शहीद हो गए और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

शहीद जवान 53वीं बटालियन के थे। दोनों शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने मंत्री माना पहुंचे। श्रद्धांजलि देने के बाद दोनों शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को विशेष विमान से उनके पैतृक स्थानों के लिए रवाना किया गया।












## खबर संक्षेप

### विधायक साहू ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रविवार को जोन 10 के 4 वार्डों में 2 दर्जन से अधिक स्थानों पर निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने रानी दुर्गावती वार्ड स्थित राममंदिर के नाला निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। साथ ही कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड, बाबू जगजीवन राम वार्ड, रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड में नए विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में किया।

रायपुर ग्रामीण विधायक श्री साहू ने 4 वार्डों में 6 करोड़ 42 लाख 23 हजार की लागत से विविध कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर, रवि ध्रुव, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### जोन अध्यक्ष होरा ने किया भूमिपूजन

**रायपुर।** जोन अध्यक्ष बंटी होरा ने अपने जन्मदिन के अवसर रविवार को वार्डवासियों को करीब 2 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने शहीद हेमू कालाणी वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। देवेंद्र नगर सेक्टर-5 स्थित रामेश्वर गार्डन में नागरिकों की मौजूदगी में पार्षद श्री होरा ने भूमिपूजन किया।

## निधन

### जेठमल जैन



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कलंगपुर के प्रतिष्ठित नागरिक जेठमल जैन (ओस्तवाल) का 21 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेंद्र कुमार एवं राजेन्द्र कुमार ओस्तवाल के पिता थे।

आयोजन : जिला संगठन ठेठवार यादव समाज बालोद की बैठक में लिया गया निर्णय

# अनावश्यक खर्च व मतभेद से बचने सर्वसम्मति से किया जाएगा जिला कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला संगठन ठेठवार यादव समाज बालोद की बैठक बालोद के गंजपारा स्थित यादव भवन में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण के श्रीविग्रह की पूजा अर्चना से हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन के महासचिव बलदेव यादव ने किया। जिला अध्यक्ष छगन लाल यादव ने कहा कि आप सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन से अपने कार्यकाल का 3 वर्ष हमने सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अब मतदान प्रणाली या सर्वसम्मत मनोनयन से जिला संगठन की प्रबंध कार्यकारिणी का नये सिरे से गठन किया जाना है। सामाजिक उत्थान के लिए रीति–रिवाज तथा चुनाव प्रणाली में आवश्यक संशोधन हेतु सभी सदस्यों से विचार व्यक्त करने की अपील की। संजारी राज के अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि मतदान प्रणाली से सामाजिक बंधुओं में आपस में मतभेद उत्पन्न होता है। इसलिए हम सभी मिलकर सर्वसम्मति से अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष बनाने का प्रयास करें। लोहारा राज के अध्यक्ष केशव यादव ने कहा कि चुनाव प्रचार में अनावश्यक खर्च करने से समाज में विसंगति आती है। संरक्षक देवेंद्र यादव ने इसका समर्थन किया। प्रवक्ता नंदकिशोर ने कहा कि चारों राज को समान रूप से महत्व एवं प्रतिनिधित्व मिले ऐसी व्यवस्था बनाया जाना चाहिए। बालोद राज के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद ने सामाजिक रीति रिवाज में नवीन संशोधन हेतु बहुमूल्य सुझावों की श्रृंखला प्रस्तुत किया। अंकेक्षक पवन यादव तथा कोषाध्यक्ष शिवराम यादव ने आज व्यय प्रस्तुत किया। अंत में इस वर्ष चुनाव प्रणाली को त्यागकर आपसी समन्वय से जिला संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

### संजारी राज से होगा अध्यक्ष

मीडिया प्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद संजारी राज से, महासचिव का पद गुण्डरदेही तथा बालोद राज से तथा कोषाध्यक्ष का पद डौण्डी लोहारा राज से सर्वसम्मति से चयन होगा। सलाहकार मोहनलाल यादव ने कहा कि बालोद जिले में निवासरत ठेठवार समाज के पंद्रह सौ से अधिक परिवारों की बड़ी संख्या के मध्य पदाधिकारी का सर्वसम्मत मनोनयन सामाजिक संगठन को नई एकजुटता प्रदान करेगा। सलाहकार शिवप्रसाद ने एक बड़े आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। हेमंत यादव ने गांव गांव में युवाओं तथा मातृशक्तियों को सक्रियता पूर्वक समाज में जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर जिला संगठन के संरक्षक डॉक्टर सुरेंद्र यदु ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दिलीप गुंडरदेही, रामस्वरूप, चेतन, ताम्रध्वज, पवन यादव, रंजीत, जनक, रविप्रकाश, रामेश्वर, अशोक, सिद्धेश्वर, छंग्गूलाल उपस्थित थे।

# परिक्षेत्र स्तरीय साहू भवन में शौचालय निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन



**कुसुमकसा।** परिक्षेत्र स्तरीय साहू भवन में शौचालय निर्माण के लिये जनपद सदस्य संजय बैस ने अपने निधि से एक लाख रूपये स्वीकृति प्रदान की थी, जिसका भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष टिकेंद्र साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच शिव राम सिंड्रामे थे। सर्व प्रथम माँ कर्मा जी की पूजा अर्चना कर स्वागत सम्मान किया गया। समाज के अध्यक्ष टिकेंद्र साहू ने कहा कि हम ने कई बार विधायक और सांसद के पास अपने सामाजिक भवन बनाने के लिए आग्रह किया, पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस पर जब समाज के लोगों ने पाई पाई जमा कर सामाजिक भवन बनाया, लेकिन सामाजिक भवन में शौचालय नहीं होने से बहुत परेशानी हो रही थी। हमारी मांग पर जनपद सदस्य संजय बैस ने गंभीरता से लेते हुए राशि स्वीकृत की। मैं पूरे समाज की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। समाज के संरक्षक प्रहलाद साहू ने भी जनपद सदस्य का आभार व्यक्त किया। सरपंच शिव राम ने कहा कि जनपद सदस्य के पास जिस किसी समस्या को लेकर जाते हैं, उसका समाधान जरूर होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि माँ कर्मा के आशीर्वाद से यह हो पाया है। दानवीर भामाशाह ने मेरे समाज के आदर्श महाराणा प्रताप जी के लिए पूरा खजाना खोलकर पूरे राज्य की रक्षा की। उन्होंने समाज को संगठित होकर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन गौरी शंकर साहू और आभार प्रदर्शन ग्रामीण अध्यक्ष गौतम साहू ने किया। इस अवसर पर तुका राम साहू, तेजराम राम, देव शरण, संजीवन, सत्यवती, केशव, भूषण, जीवन साहू के साथ समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


# दीपावली के बाद पहले रविवार को मनाते हैं मोहंदीपाठ मड़ई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- इस बार 3 नवंबर को होगा मड़ई-मेले का आयोजन, तैयारियों में जुटे लोग

बाबा मोहंदीपाठ में 3 नवम्बर रविवार को देव मड़ई का आयोजन किया जाएगा। अर्जुन्दा से महज 10 किमी दूर विराजित प्राचीन देवस्थल बाबा मोहंदीपाठ का दरबार सज गया है। दीपावली मनाने के बाद प्रथम रविवार को बाबा मोंहदीपाठ में भव्य मेला मड़ई का आयोजन किया जाता है। ग्राम सरपंच सुशीला देवांगन व जय अर्चना मोहंदीपाठ समिति अध्यक्ष नरसिंह देवांगन ने बताया कि मड़ई के दिन अंचल के ग्रामीण परिवार के साथ मंदिर आकर बाबा जी की पूजा-अर्चना कर उनसे क्षेत्र के किसानों व जनता की खुशहाली की कामना करेंगे।

**नीम व सेमर की छांव में विराजित बाबा मोहंदीपाठ की महिमा अपार :** ग्रामीणों की मान्यता है कि पुराने वर्षों से परम्परा के अनुसार



दीपावली के बाद प्रथम रविवार को बाबा मोहंदीपाठ में पूजा अर्चना कर मड़ई मेला में अंचल सहित दूर दराज से आकर दर्शन करते हैं। वहीं पुराने नीम व सेमर की छांव में बाबा के साथ अन्य देव घोड़ा, अखरा, पखरा देव विराजित हैं। अर्चना मोंहदीपाठ समिति अध्यक्ष नरसिंह देवांगन ने बताया कि मोंहदीपाठ सहित खुरसुनी, बघेली, खुरसुल सहित क्षेत्र के आसपास के यादव बंधु अपने अपने गांव से पांरपरिक वेशभूषा में मेला मड़ई, ध्वजा लेकर आकर मंदिर की परिक्रमा करते हैं। क्षेत्र के किसान अपनी अच्छी फसल व परिवार की खुशहाली की कामना लेकर आते हैं।

### आसमानी झूला सहित सजेगा बाजार

ग्रामीण व पंच मानसिंह देवांगन ने बताया कि मेला मड़ई में हजारों श्रध्दालु दूर दराज से आते हैं।मेला में बच्चों के लिए आसमानी झूले, ड्रैगन सहित हाटबाजार को सुव्यवस्थित करने समिति के सदस्य जुटे हैं। बाबा मोहंदीपाठ का दरबार रंग बिरंगों लाइट से सज रहा है। ग्रामीण भी मेले की तैयारी में जुटे हैं। ग्राम के वरिष्ठ व नागरिक व मैनेजर खादी ग्राम लखन देवांगन ने बताया कि ग्रामीण दीपावली से ज्यादा मेला मड़ई की तैयारी में जुटे रहते हैं। वहीं घरों में बड़ी संख्या में मेहमान रिश्तेदार आते हैं। रंगोली व दीयों से गांव की रौनक बढ़ जाती है।

### ग्राम देवता के नाम से पड़ा मोंहदीपाठ, भागीरथी साबित हो रही नहर-नाली

ग्राम देवता के नाम से ही नामकरण हुआ मोंहदीपाठ, प्राचीन नामकरण में शिवनाथ नदी के एक ओर 18 गढ़ और दूसरी ओर 18 गढ़ कुल 36 गढ़ में एक मेंहदीगढ़ मोंहदीपाट कहलाता है। चूंकि प्राचीन काल में देवस्थल मोंहदीपाट के आसपास जंगली क्षेत्र था। मान्यता यह है कि आज भी बाबा मोंहदीपाट रात्रि में सफेद घोड़े पर चारों ओर भ्रमण कर रक्षा करते हैं। खरखरा मोंहदीपाट नहर नाली क्षेत्र में किसानों के लिए भागीरथी वरदान साबित हो रही है। प्रेमाचंद देवांगन ने बाबा की महिमा बताते हुए कहा कि कोरोना काल में कोविड से यहां मौत नहीं हुई। यह बाबा मोंहदीपाठ की शक्ति व भक्ति की कृपा है।









## खबर संक्षेप



### वेद प्रकाश तारम की स्मृति में कराया न्योता भोज

**बालोद/सिकोसा।** दिवंगत वेद प्रकाश तारम की स्मृति में चिरंजीव तारम छत्तीसगढ़ पुलिस ग्राम नवागांव डू द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक हेमलता चौधरी, शिक्षक गोपेश्वर साहू, शिक्षिका खिलेश्वरी साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजीत सोरी व परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### नागेंद्र ने 40 और देवेंद्र ने 15 वीं बार किया रक्तदान



**बालोद।** ग्राम परसोदा निवासी नागेंद्र सिन्हा 27 वर्ष व ग्राम पाररास निवासी देवेंद्र कुमार साहू 36 वर्ष ने भाजपा युवा मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष पार्थ साहू के माध्यम से जिला अस्पताल बालोद में भर्ती मरीज की जान बचाने के लिए स्वयं के व्यय से बालोद के जिला अस्पताल में पहुंच कर रक्तदान किया। इस दौरान ब्लड बैंक स्टाफ डा. अजय साहू, उत्तम टंडन, दिलीप कुमार, अभिमन्यु करपाल उपस्थित थे। नागेंद्र सिन्हा ने बी पॉजीटिव रक्त समूह का 40 वीं बार व देवेंद्र साहू ने 15वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान कर दोनों युवाओं ने कहा कि रक्तदान श्रेष्ठदान व श्रेष्ठ कर्म है और प्रत्येक इंसान को इंसानियत की खातिर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है।

### हरीश टुवानी ने 17वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी हरीश टुवानी ने नगर में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया। हरीश टुवानी इसके पूर्व 16 बार रक्तदान कर चुके हैं। हरीश टुवानी इसके पूर्व रक्तदान करने स्वयं की व्यवस्था से धमतरी, रायपुर राजनांदगांव जाकर मरीजों को रक्तदान किया है। हरीश टुवानी ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। मानव रक्त से ही किसी मरीज को तत्काल रक्त की पूर्ति हो सकती है। रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ युवा को रक्तदान करना चाहिए।

**श्रद्धांजलि :** विद्यार्थियों को शहीद जवानों की शहादत के संबंध में दी गई जानकारी

# पुलिस स्मृति दिवस पर विद्यालय के पूर्व छात्र शहीद जवानों को किया याद, दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शहीदों को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोहारा के टीआई वीणा यादव और प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने संस्था के पूर्व शहीद छात्र किरण देशमुख व शहीद नारद राम निषाद के तैल चित्र के समक्ष पूजन अर्चना और श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित करके प्रारंभ किया। उसके बाद मुख्य अतिथि थाना प्रभारी वीणा यादव, विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप मेश्राम एवं समस्त शिक्षक, अतिथियों और विद्यार्थियों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। समस्त कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता लवण साहू ने किया।

■ शासकीय बालक विद्यालय में शहीद किरण देशमुख व नारद राम निषाद को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यक्रम प्रभारी हेमंत साहू ने पुलिस स्मृति के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 21 अक्टूबर 1959 में चीनी सैनिकों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए 10 जवानों की स्मृति में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। मुख्यअतिथि वीणा यादव ने शहीदों को नमन करते हुए बच्चों को नशा पान से दूर रहने की समझाइश दी। मोबाइल का उपयोग सावधानी पूर्वक करने की हिदायत दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने विद्यालय के पूर्व शहीद छात्रों को याद करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला और किस प्रकार पुलिस के नौकरी में कठिनाई आती है और साहस तथा मनोबल के साथ कार्य करना पड़ता है, जानकारी दी।

वक्ता के तौर पर व्याख्याता एस वैदे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहीदों को याद और सम्मान देने की बात कही। इसी क्रम में वरिष्ठ व्याख्याता डीआर साहू ने पुलिस प्रशासन को आंतरिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्याता अविनाश साहू ने अनुशासन की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सहायक उप निरीक्षक ए आर यादव ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की गई। पुलिस स्मृति के सम्मान में स्कूली बच्चों गीतांजलि निषाद, भावना, वेनिका, यामिनी देवांगन, मानसी ठाकुर एवं साथी द्वारा भाषण गीत पर कविता प्रस्तुत किया गया।



आभार प्रदर्शन व्याख्याता एनुका शार्वा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समस्त व्याख्याता छाया नंदा, डुप्ले साहू, रीना मंडल, आर एन योगी, तेजेश्वरी साहू, भारती साहू, गिरीश साहू, प्रधान आरक्षक लिलेश्वरी देवांगन, आरक्षक पूनमचंद खरे, विद्यार्थी तेज प्रकाश पुष्कर प्रतीक उज्वल समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।



## शासकीय हाई स्कूल तरौद में जुगेरा के शहीद आरक्षक किशन चुरेन्द्र को दी गई श्रद्धांजलि

**बालोद।** 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के शहीद पुलिस जवानों की शहादत को नमन करते हुए उनके द्वारा शिक्षा प्राप्त स्कूल कॉलेज में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत शासकीय हाई स्कूल तरौद में जुंगेरा ग्राम निवासी शहीद चालक आरक्षक किशन चुरेन्द्र को श्रद्धांजलि दी गई, जो कर्तव्य निर्वहन करते हुये वर्ष 2011 में शहीद हो गये थे।

घटना का विवरण बताते हुए शहीद के बड़े भाई नरेश ठाकुर ने बताया कि उनके छोटे भाई शहीद किशन चुरेंद्र जून 2001 में कटे कल्याण जिला दंतेवाड़ा में नक्सली मुठभेड में शहीद हुए। विद्यालय प्रभारी प्राचार्य रघुनंदन गंगबोईर ने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर स्कूल में शहीद पुलिस जवानों के शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर मौन धारण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र योगिता ने सैनिक सम्मान में स्वरचित कविता का वाचन कर एक सैनिक के प्रति घर, परिवार एवं समाज की भावनाओं को व्यक्त किया। शिक्षिका उत्तरा ठाकुर ने अध्ययनरत विद्यार्थी को शहीद पुलिस जवान के शहादत एवं सेना में भर्ती होकर देश के गौरव बढ़ाने के लिए किस प्रकार से तैयारी की जा सकती है, इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के कर्मचारी विद्यार्थी के साथ शहीद किशन चुरेंद्र के तीनों बड़े भाई सहित विद्यालय के सहायक ग्रेड 02 शैलेन्द्र कुमार योगी, छात्र प्रतिनिधि युगल किशोर, विवेक साहू, महेश्वरी, डेमिन उपस्थित थे।

## बोरान टीम ने जीती रसायन विज्ञान क्विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 21 अक्टूबर को रसायन विज्ञान में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल चार राउंड थे, जिनमें से पहले दो राउंड में सामान्य रसायन विज्ञान से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे गए। तीसरे राउंड के लिए विद्यार्थियों को अपने पसंद का एक टॉपिक चुनने के लिए कहा गया और फिर उनके द्वारा चुने गए टॉपिक में से उनसे वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। चतुर्थ एवं अंतिम राउंड बजर राउंड के रूप में रखा गया था। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में टीम बोरान विजई रही, जिसके सदस्य गंगा एमएससी पूर्व रसायन शास्त्र, गजेंद्र साहू बीएससी अंतिम वर्ष, कविता पटेल बीएससी द्वितीय वर्ष तथा गजेंद्र कुमार बीएससी प्रथम वर्ष थे। रसायन शास्त्र विभाग के प्राध्यापकों डॉ मीना चक्रवर्ती एवं डॉ मनीषा ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित संपूर्ण क्विज का संचालन एमएससी रसायन शास्त्र पूर्व के विद्यार्थी चंद्रपाल वर्मा ने किया।

■ शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में हुई प्रतियोगिता

## आरएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड गुण्डरदेही द्वारा विजयादशमी के उपलक्ष्य में शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन किया गया।

नगर के प्रमुख मार्गों पर जागरण एवं समरसता का गीत गाते हुए स्वयंसेवकों ने गणवेश में पद संचलन किया। बौद्धिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख निर्मल साहू ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, पर्यावरण इन पांच विषयों का पालन हम सबको करना चाहिए एवं दूसरों से भी अनुरोध करें। स्वदेशी हर भारतीय का मूल मंत्र होना चाहिए। परिवार के सदस्यों के साथ सामूहिक भोजन, भजन एवं औपचारिक चर्चा हो, जाति पांती से ऊपर उठकर मानवता की बात करें। सरकारी संपत्ति को धरोहर समझते हुए नुकसान ना करें, प्रदूषित वातावरण खतरे की घंटी है, हम सभी को पेड़ लगाने के लिए संकल्पित होना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उन्नत कृषक एवं समाजसेवी लोकनाथ साहू ने कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक-एक व्यक्ति को जोड़कर इस शक्ति का उपयोग मानवता की सेवा एवं देश को सशक्त बनाने में करता है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए राष्ट्र सर्वोपरि होना चाहिए। कार्यक्रम में खंड संचालक इवन सिन्हा, खंड कार्यवाह वेद प्रकाश साहू एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।


## सॉफ्टवेयर इंजीनियर चन्द्रजीत ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला मनौद संकुल केन्द्र जुंगेरा में अवनी ठाकुर के जन्मदिन पर बीएसएनएल सॉफ्टवेयर इंजीनियर चन्द्रजीत ठाकुर माता दामिनी ठाकुर, दादा जीएस ठाकुर, दादी सुधा ठाकुर ने बच्चों को न्योता भोज कराया।

चन्द्रजीत ठाकुर ने बच्चों के बीच पाकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त पौष्टिक मीठा वितरण किया गया। साथ ही प्रत्येक छात्र-छात्राओं व आंगनबाड़ी के बच्चों को पेन, पेंसिल, रबर, रंगीन पेन पेंसिल भेंट की गई। इस दौरान श्री ठाकुर ने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने और खेलकूद में भाग लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उक्त अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के संरक्षक बीएस ठाकुर, परसराम ठाकुर, शिक्षाविद् लीलाधर साहू, करण सिंह ठाकुर, देवेन्द्र ठाकुर, कोमल ठाकुर नागरिक तीरथ साहू, बोहरण साहू एवं पिद्दा परिवार, शाला के प्रधान पाठक संतोष साहू, शिक्षक रामानंद देवांगन, शिक्षिका महेश्वरी यादव उपस्थित थे।

## दूर रहकर इस तरह मनाया करवा चौथ का व्रत



**अर्जुंदा।** मटिया निवासी पंकज चौधरी और उनकी पत्नी धारा चौधरी के करवा चौथ की गज़ब कहानी है। दोनों अपने कैरियर की तैयारी कर रहे हैं। करवा चौथ पर एक-दूसरे के खुशहाल जीवन की कामना को लेकर पूजा की और एक दूसरे से दूर रहकर आनलाईन माध्यम से व्रत को पूरा किया। धारा चौधरी ने इंजीनियरिंग इलेक्ट्रीकल टेली कम्युनिकेशन में पढ़ाई की है और लोक सेवा आयोग की तैयार को लेकर दिल्ली आईएएस में गाइड ले रही हैं। वहीं, पति पंकज चौधरी अपने राजनीति क्षेत्र में संगठन की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

## श्री राम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरुर 59 लोगों ने किया रक्तदान



**गुरूर।** नवजीवन संजीवनी रक्तदाता ग्रुप गुरुर द्वारा श्री राम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरुर (दानीटोला रोड) मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 59 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। आयोजकों ने रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप हेलमेट भेंट किया।

शिविर में नाड़ी वैद्य डॉ महेन्द्र साहू, विकास कुमार साहू, समाज सेवक मोहन रजक, शिक्षक उदय लाल साहू, खंड भरदा, अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बालोद बिरेन्द्र कुमार साहू, गिरजेश साहू की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गायत्री परिवार वरिष्ठ कार्यकर्ता गजानन साहू थे। विशेष अतिथि सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद जिला बालोद महेंद्र सिन्हा, प्रखंड गुरुर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद प्रेमन साहू, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा थे। शिविर में 100 का रक्त परीक्षण कर बीपी शुगर जांच की गई। रक्तदान कुल 59 यूनिट किया गया। समिति की ओर से प्रत्येक रक्तदाता को हेलमेट और प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

### शिकसा करेगा साहित्य संकलन का प्रकाशन



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ शिकसा के पांच वर्ष पूर्ण होने पर शिकसा के सदस्य साहित्यकारों के लिए साहित्य संकलन मैं शिक्षक हूँ का प्रकाशन किया जाएगा। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने बताया कि इसमें प्रत्येक शिक्षक को एक पृष्ठ दिया जायेगा, जिसमें संक्षिप्त परिचय व फोटो सहित स्वरचित रचना प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संकलन के प्रकाशन के लिए संपादक मंडल बनाया जा रहा है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

**सोशल मीडिया में वायरल वीडियो से बढ़ी परेशानी**

## दुकान को बदनाम करने का आरोप कार्रवाई के लिए थाना पहुंचा संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक लड़की शहर की एक दुकान में पाव भाजी में अंडे को भी मिलाने का आरोप लगाती नजर आ रही है। हालांकि यह जांच का विषय है, लेकिन उक्त पाव भाजी दुकान के संचालक के साथ ही दर्जन भर से अधिक युवाओं ने कोतवाली थाना पहुंचकर प्रतिष्ठान को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए, वीडियो बनाने वाली लड़की और उसे व्यक्ति सोशल मीडिया में वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सदर रोड बालोद निवासी बलबीर यादव ने बताया कि वह करीब 7 वर्षों से बालोद में पाव भाजी की दुकान संचालित कर रहा है। वह वर्ष 2019 से बालोद सदर मार्ग पर अपनी दुकान का संचालन कर रहा है। उन्होंने बताया कि हमारी दुकान में शुद्ध शाकाहारी व्यंजन व भोजन बनाया जाता है तथा हमारी दुकान में ज्यादातर जैन समाज एवं अन्य समाज के लोग शुद्ध शाकाहारी व्यंजन खाने पहुंचते हैं। उन्होंने थाना प्रभारी को बताया कि पिछले कुछ माह से बालोद नगर के अलग अलग व्हाट्सएप में हमारी दुकान को बदनाम करने के लिए एक महिला ने वीडियो बनाकर वायरल किया है। उन्होंने बताया कि उक्त महिला जून महीने में दुकान में काम करने की इच्छा जाहिर करते हुए आई थी। उसके बाद उसने 1 जुलाई को काम करना शुरू किया, लेकिन लगभग 15 दिन बाद ही अचानक काम छोड़ कर चली गई। मैंने काम छोड़ने का कारण जानने तथा काम पर वापस बुलाने के लिए कॉल भी किया, लेकिन उसने कहा कि मुझे जितने दिन काम करना था कर लिया, अब काम की जरूरत नहीं है। उसके करीब डेढ़ माह बाद बालोद नगर के एक दुकान संचालक धर्मेंद्र आहूजा एवं विवेक पाटीदार ने दूसरी जगह से सामान लेने की बजाय अपनी ही दुकान से सामान लेने के लिए दबाव बनाया। लेकिन मैंने कहा कि मुझे जहां सामान अच्छा मिलेगा, वहीं से लूंगा। इस पर दोनों ने धमकी दी कि तुम्हारी दुकान का ऐसा वीडियो वायरल होगा, कि तुम खुद बालोद छोड़कर भाग जाओगे। उसके बाद 19 अक्टूबर को बालोद के कुछ व्हाट्स ग्रुप में एक वीडियो डालकर पावभाजी में अंडे का सफेद हिस्सा मिलाए जाने की अफवाह उड़ाई जा रही है। दुकान संचालक ने बताया कि उपरोक्त सोशल मीडिया पोस्ट एवं मैसेज के बाद लगातार बालोद और दल्लीराजहरा के मेरे ग्राहकों के कॉल आ रहे हैं, जिससे मैं बुरी तरह परेशान हो गया हूं। उन्होंने प्रतिष्ठान को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए ऐसा करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411